**Need to establish a Railway Museum in Jabalpur, Madhya Pradesh.-laid**

श्री आशीष दुबे **(जबलपुर) :** जबलपुर देश का पुरातन शहर है, अनेक वर्षों से पश्चिम मध्य रेलवे के तीन मडलों में से प्रमुख जबलपुर रेलवे मण्डल है, 1952 में गठित हुआ यह मण्डल भारतीय रेल के परिचालन का साक्षी रहा है । जबलपुर सेना की छावनी होने के कारण भी भारतीय रेल का जबलपुर में महत्वपूर्ण सदुपयोग हुआ है एवं हो भी रहा है । अपने आप में बड़े इतिहास को समेटे जबलपुर में भारतीय रेल संग्रहालय स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है । सभी क्षेत्र वासियों की भी अभिलाषा है । अतः जबलपुर में एक समृद्ध रेलवे म्यूजियम बनना चाहिए । पुराना शहर होने के साथ साथ ऐतिहासिक दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व है । स्वतंत्रता आंदोलन के समय के भी बहुत से साक्ष्य यहाँ उपलब्ध हो सकेंगे साथ इनका संग्रहण भी सकेगा । शैक्षिक संस्थानों को भी अपने विद्यार्थियों से जोड़ने में अच्छा रहेगा । जबलपुर में भारतीय रेल के समृद्ध इतिहास को सँजोकर, सहेजकर रखना अत्यंत आवश्यक है । अतः मेरा सरकार से जनहित में विनम्र निवेदन है, कृपया जबलपुर में रेल संग्रहालय की स्थापना करने की कृपा करें ।